उस्मानाबाद हिंदी परिषद्, धाराशिव (उस्मानाबाद)
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद)
रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद)
तेरणा महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद)
एवं
पूना महाविद्यालय, पुणे
के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय हिंदी दिन के उपलक्ष्य में आयोजित
दि. १४ सितम्बर २०२२
अंतर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी

## " आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हिंदी भाषा का भवितव्य "

# प्रतिवेदन



# आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हिंदी भाषा का भवितव्य

उस्मानाबाद हिंदी परिषद, धाराशिव (उस्मानाबाद), तपस्वी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, येवती संचलित व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद), स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्था, कोल्हापुर संचलित रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद), तेरणा पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, तेर संचलित तेरणा महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद) एवं वाय. एस. अंजुमन खैरुल इस्लामस् पूना महाविद्यालय, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "आजादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य" गूगल मीत और यु-ट्यूब के माध्यम से संपन्न हुई।

संगोष्ठी के आरंभ में परम्परा के अनुसार भारतमाता की प्रतिमा का पूजन किया गया। तत्पश्चात डॉ. संजय जोशी जी ने 'ऐ मेरे प्यारे वतन ' यह देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। डॉ. अनघा तोडकरी जी ने ' हम हैं हिन्दुस्तानी ' यह हिंदी भाषा गीत प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत संचलित व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत चौधरी जी ने स्वागत परक भाषण प्रस्तुत किया। तेरणा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक घोलकर जी ने शुभकामनाएँ व्यक्त की। तदुपरांत उस्मानाबाद हिंदी परिषद के सचिव प्रो. डॉ. अशोक मर्डे जी ने उस्मानाबाद हिंदी परिषद के उपक्रमों की जानकारी देते हुए संगोष्ठी का प्रास्ताविक परक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

विषय प्रवर्तक डॉ. महेंद्र ठाकुरदास जी (पुणे) का परिचय डॉ. अनुराधा मिरगणे जी, हिंदी विभागाध्यक्ष, आदर्श महाविद्यालय, उमरगा ने प्रस्तुत किया। विषय प्रवर्तक डॉ. महेंद्र ठाकुरदास जी ने अपने व्याख्यान में विस्तार पूर्वक रीति से आज़ादी के अमृत महोत्सव की प्रासंगिकता और हिंदी भाषा, साहित्य एवं लोकसाहित्य में व्याप्त देशभक्ति की भावना को अधोरेखित किया। साथ ही हिंदी भाषा की उज्वल भवितव्य की ओर संकेत भी किया।

विशेष अतिथि डॉ. किरण हजारिका जी (दिब्रूगढ़, असम) का परिचय डॉ. विवेकानंद चव्हाण जी, हिंदी विभागाध्यक्ष, तुळजाभवानी महाविद्यालय, तुळजापूर ने कराया। विशेष अतिथि डॉ. किरण हजारिका जी ने अपने विशेष व्याख्यान में पूर्वोत्तर क्षेत्र के असम, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में हिंदी भाषा, साहित्य और शिक्षा की दशा का वर्णन करते हुए हिंदी भाषा की उज्वल भवितव्य की ओर संकेत भी किया।

प्रमुख अतिथि डॉ. राजकुमारी गौतम जी (बेल्जियम) का परिचय डॉ. केशव क्षिरसागर जी, हिंदी विभाग रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय ने कराया। प्रमुख अतिथि डॉ. राजकुमारी गौतम जी ने अपने प्रस्तुतीकरण में जापानी भाषा और हिंदी भाषा के साम्य-वैषम्य पर विस्तार पूर्वक रीति से शक्ति बिंदु प्रस्तुतीकरण (पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन) किया। तथा जापान और बेल्जियम में हिंदी भाषा की उज्वल भवितव्य की ओर संकेत भी किया।


प्रमुख अतिथि डॉ. शांति मोहाबीर जी (मोरिशस) का परिचय डॉ. मायप्पा येल्लूरे जी, हिंदी विभागाध्यक्ष, बी. एस. एस. महाविद्यालय, माकणी ता. लोहारा ने कराया। प्रमुख अतिथि डॉ. शांति मोहाबीर जी ने अपने व्याख्यान में मोरिशस में हिंदी भाषा के इतिहास को अधोरेखित करते हुए आर्य समाजी विद्वानों के प्रयासों का उल्लेख किया। मोरिशस की पत्र-पत्रिकाओं के संपादकों के योगदान को रेखांकित करते हुए मोरिशस में हिंदी भाषा की उज्वल भवितव्य की ओर संकेत भी किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की गयी। उस्मानाबाद हिंदी परिषद के अध्यक्ष डॉ. देवीदास इंगळे जी ने अपने अध्यक्षीय मंतव्य में सभी वक्ताओं के विचारों का सार प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का समापन संत ज्ञानेश्वर जी के 'पसायदान' के हिंदी अनुवाद (अनुवादक प्राचार्य वेदकुमार वेदालंकार जी) के पठन से किया गया। सूत्र संचालन एवं कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. विनोदकुमार वायचळ जी ने किया। इस संगोष्ठी में ६१० प्रतिभागियों ने गूगल मीट और यू-ट्यूब के माध्यम से सहभाग लिया।

# आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हिंदी भाषा का भवितव्य




देशभक्ति गीत प्रस्तुति डॉ. संजय जोशी जी




हिंदी भाषा गीत प्रस्तुति – डॉ. अनघा तोड्कारी जी



स्वागत भाषण – प्राचार्य प्रो. प्रशांत चौधरी जी




शुभकामनाएँ – प्राचार्य डॉ. अशोक घोलकर जी



प्रस्तावना करते हुए प्रो. डॉ. अशोक मर्डे जी




विषय प्रवर्तक परिचय – प्रो. अनुराधा मिरगणे जी

# आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हिंदी भाषा का भवितव्य









विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. महेंद्र ठाकुरदास


विशेष अतिथि परिचय — डॉ. विवेकाननद चव्हाण जी







विशेष अतिथि - डॉ. किरण हजारिका जी

प्रमुख अतिथि परिचय — डॉ. केशव क्षीरसागर जी





प्रमुख अतिथि — डॉ. राजकुमारी गौतम जी का प्रस्तुतीकरण



प्रमुख अतिथि परिचय — डॉ. मायप्पा येल्लुरे जी

प्रमुख अतिथि - डॉ. शान्ति मोहबीर जी






अध्यक्षीय समापन — प्रो. डॉ. देविदास इंगळे जी

कृतज्ञता ज्ञापन करते हुए डॉ. विनोदकुमार वायचळ

**लोकमत समाचार**

## हिंदी दिवस पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**उस्मानाबाद:** हिंदी परिषद तथा अन्य 3 महाविद्यालयों की ओर से हिंदी दिवस पर बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस संगोष्ठी को शांति मोहरीर मॉरिशस, राजकुमारी गौतम बेल्जियम, डॉ किरण हजारिका असम, डॉ महेंद्र ठाकुरदास आदि व्याख्याताओं ने संबोधित किया. कार्यक्रम का प्राक्कथन प्रोफेसर डॉ अशोक मर्डे ने किया. उपस्थित व्याख्याताओं ने हिंदी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला. लगभग 3 घंटे ऑनलाइन चली इस संगोष्ठी में अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ देवीदास इंगले ने दिया. संगोष्ठी संयोजक डॉ विनोद कुमार वायचल, डॉ केशव क्षीरसागर, डॉ अनघा तोड़करी, डॉ शाकिर शेख आदि का सराहनीय सहयोग रहा. हिंदी परिषद, व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय, तेरणा महाविद्यालय उस्मानाबाद और पुणे महाविद्यालय पुणे के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिस्सा लिया.


Apna Samachar
Page No. 3 Sep 16, 2022
Powered by: erelego.com


दैनिक लोकमत समाचार में छपा समाचार